PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

ईमानदारी से जीवन जीने वाला व्यक्ति हमेशा सम्मान पाता है।

-आचार्य चाणक्य


Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | शनिवार, 14 नवंबर, 2026, साल-2, अंक-109, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

असम : काजीरंगा में बस और ट्रक की टक्कर में 26 लोगों की मौत, 20 घायल

- **पार्क के पास तेज रफ्तार बस का नियंत्रण बिगड़ने से हुआ दर्दनाक हादसा**

काजीरंगा (असम), 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

शुक्रवार को असम के काजीरंगा नेशनल पार्क के पास एक मिनी-बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 26 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह हादसा नेशनल हाईवे 715 पर कोहोरा रेंज में हाथीकुली टी एस्टेट के पास रंगाजन में हुआ, जब यात्रियों से भरी बस एक ट्रक से टकरा गई। गोलाघाट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्ननील डेका ने कहा, 'हमें शुरुआती रिपोर्ट मिली है कि इस हादसे में कम से कम सात लोगों की मौत हुई है। हम सभी मौके पर मौजूद हैं और बस से शव निकाले जा रहे हैं; इसलिए मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बाद में पांच और घायलों ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, बस में कुल कितने यात्री सवार थे, इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। असम के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री अतुल बोरा-जो स्थानीय (शेष पेज 2 पर)





मिनी बस के 12 चालान कट चुके थे

लोकल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मिनी बस के अब तक 12 चालान कट चुके थे। इन पर कुल 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था। हालांकि, 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। असम में कमर्शियल गाड़ी के ओवरस्पीडिंग करने पर 4,000 रुपए का जुर्माना लगता है।


दिल्ली ने लाहौर को पीछे छोड़ा, बनी दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

- **'आईक्यूएयर' के अनुसार, एक्यूआई 334 के 'खतरनाक' स्तर पर पहुंचा**

नई दिल्ली, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत की राजधानी दिल्ली, पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़कर शुक्रवार को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गई है। लगभग 2 करोड़ की आबादी वाले इस महानगर में हवा की गुणवत्ता गिरकर 'खतरनाक' स्तर पर पहुंच गई है, और जहरीले स्मॉग (धुएं और धुंध) की एक घनी परत के कारण दृश्यता बहुत कम हो गई है। सुबह के समय, मुख्य सड़कों पर वाहनों और मोटरसाइकिलों को घने कोहरे के बीच से गुजरते देखा जा सकता था, जहां स्ट्रीट लैंप की रोशनी भी धुंधली नजर आ रही थी।

'आईक्यूएयर' के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 334 दर्ज किया गया, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। इस स्तर के साथ, दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गई है। गौरतलब है कि 50 तक का एयर क्वालिटी इंडेक्स स्तर स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और 'अच्छा' माना जाता है। वहीं, भारत के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिल्ली में हवा की गुणवत्ता का स्तर और भी अधिक, यानी 403 दर्ज किया है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में (शेष पेज 2 पर)



पी.एम. मोदी ने बेंगलुरु मेट्रो की 'पिंक लाइन' का किया शुभारंभ

शिवकुमार के साथ मेट्रो में की यात्रा

बेंगलुरु, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में मेट्रो रेल परियोजना की बहुप्रतीक्षित पिंक लाइन के कलेना अग्रहारा से तवरेकेरे खंड का उद्घाटन किया, जिसके निर्माण पर करीब 3,470 करोड़ रुपये की लागत आई है।

प्रधानमंत्री मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने संयुक्त रूप से नई मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई और ट्रेन में सफर भी किया। मोदी और शिवकुमार को टिकट काउंटर से अलग-अलग टिकट खरीदते हुए भी देखा गया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दोहरे एलिवेटेड कॉरिडोर के फायदों के बारे में बताया। इस कॉरिडोर में मेट्रो रेल लाइन के साथ-साथ फ्लाईओवर भी बनाया गया है, जिससे शहर में यातायात की भीड़ कम करने में मदद मिलेगी। राज्यपाल सुधा यादव, सांसद तेजस्वी सूर्या और मंत्री के बी गौड़ा ने भी मेट्रो ट्रेन में सफर किया। पिंक लाइन की कुल लंबाई 21.25 किलोमीटर है और इस पर 18 स्टेशन हैं।

प्रधानमंत्री ने जिस एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन किया, उस पर छह स्टेशन हैं। वहीं, भूमिगत खंड में 12 स्टेशन होंगे, जिसका निर्माण कार्य अभी जारी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कलेना अग्रहारा से तवरेकेरे तक पिंक लाइन (शेष पेज 2 पर)



मैसूर में खुला भारत का पहला एलईडी डोम तारामंडलट; प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को मैसूर में 'कॉसमॉस-मैसूर तारामंडल' का उद्घाटन किया। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स द्वारा निर्मित, 'कॉसमॉस-मैसूरु' भारत का पहला एलईडी डोम तारामंडल है। खगोल विज्ञान शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में परिकल्पित यह तारामंडल, चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में मैसूरु विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित है। तारामंडल के 'स्काई थियेटर' में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने लद्दाख के हानले में तैनात 'एस्ट्रो-एम्बेसडर्स' (खगोल-दूतों) के साथ वर्चुअल बातचीत की। इस अत्याधुनिक सुविधा में 15 मीटर का झुका हुआ डोम है, जिसमें लगभग 6,150 पैनल लगे हैं और इनमें कुल 4.2 करोड़ एलईडी हैं।



पारंपरिक तारामंडलों के विपरीत, जहां एक साधारण डोम पर तस्वीरें दिखाने के लिए प्रोजेक्टर का उपयोग किया जाता है। यहां लगे एलईडी पैनलों को रियल-टाइम में नियंत्रित किया जा सकता है। शानदार विजुअल अनुभव मिलता है। खगोल विज्ञान की शिक्षा के लिए नई संभावनाएं खुलती हैं। 'स्काई थियेटर' में पेशेवर रूप से तैयार किए गए खगोल विज्ञान कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। यहां एक ऐसी फिल्म भी दिखाई जाएगी जो मैसूरु के इतिहास और खगोल विज्ञान के बीच के संबंध को दर्शाती है। ये शो कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं, 'कुछ महीने पहले ही, मैं 'विवेक स्मारक' के उद्घाटन के अवसर पर आप लोगों के बीच था, और आज हम यहां (शेष पेज 2 पर)

मणिपुर में उग्रवादियों ने 2 कारों पर अंधाधुंध फायरिंग की; 2 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौत

इंफाल, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

शुक्रवार को मणिपुर के उखरुल जिले में संदिग्ध उग्रवादियों ने दो वाहनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार, इस हमले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना इंफाल-उखरुल रोड पर 'न्यू हेवन' इलाके में हुई। हथियारों से लैस उग्रवादियों ने चार पहिया वाहनों को निशाना बनाया और उन पर गोलियां चलाईं। अधिकारी ने आगे बताया कि कारों में सवार दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों वाहनों की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इस घटना से पहले, कांगपोकपी के तापहोउ कुकी गांव के पास और पड़ोसी सेनापति जिले के कालेजांग के पास दो विरोधी गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान 42 वर्षीय एक कुकी महिला की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दो पुरुष घायल हो गए। मणिपुर में, मई 2023 में घाटी में (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पंजाब के 24 लाख से अधिक घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को दी बड़ी राहत

मान सरकार ने शुरू की एकमुश्त निपटान योजना, बकाया बिजली बिलों पर ब्याज और जुर्माना 100 प्रतिशत माफ

चंडीगढ़, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **उपभोक्ता 31 मार्च 2026 तक के बकाया बिलों पर 45 दिनों तक उठा सकेंगे योजना का लाभ**
- **एक साल के भीतर मूल बकाया राशि का 25 प्रतिशत पहले और शेष किस्तों में जमा करवाना होगा: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान**

पंजाब के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 31 मार्च 2026 तक के बकाया बिजली बिलों पर जुर्माने और ब्याज में 100 प्रतिशत छूट देने के लिए एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) की घोषणा की। इस योजना से 24.86 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिनके 518 करोड़ रुपये के जुर्माने और ब्याज माफ किए जाएंगे। इसके तहत उपभोक्ता आसान किस्तों में अपने बकाये का भुगतान कर सकेंगे। यहां तक कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं, उनके कनेक्शन भी मूल बकाया राशि का भुगतान करने के बाद बहाल कर दिए जाएंगे। इससे पंजाब भर के लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी।'

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'यह पंजाब के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत है। आज हमने बिजली के बकाया बिलों के लिए एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) की घोषणा की है। 31 मार्च 2026 तक के बकाया बिलों पर जुर्माना और ब्याज पूरी तरह माफ होगा। उपभोक्ताओं को एक साल के भीतर मूल राशि का 25 प्रतिशत पहले और शेष 75 प्रतिशत किस्तों में जमा करवाना होगा। इस फैसले से 24 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनके 518 करोड़ रुपये के जुर्माने और ब्याज माफ होंगे। काटे गए बिजली कनेक्शन भी बहाल किए जाएंगे। हमारी सरकार वास्तव में आम लोगों की सरकार है।'



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पहल सुनिश्चित करने की दिशा में एक और निर्णायक कदम है कि आर्थिक परेशानियां आम परिवारों पर अतिरिक्त बोझ न बनें। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि शासन का उद्देश्य केवल राजस्व एकत्र करना नहीं, बल्कि मुश्किल समय में लोगों के साथ मजबूती से खड़ा होना भी है। उन्होंने कहा, 'कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपने बिजली बिलों का भुगतान नहीं कर सके और उन पर ब्याज तथा जुर्माने का बोझ लगातार बढ़ता गया। हमने उन्हें जुर्माने और ब्याज के अतिरिक्त बोझ के बिना अपने बकाये का भुगतान करने का एक नया अवसर देने का फैसला किया है।'

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना से लगभग 2,516 करोड़ रुपये के बकाया बिजली बिलों वाले 24.86 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ होगा, जिनमें से 518 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा माफ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि आम परिवारों का जीवन आसान बनाने की हमारी प्रतिबद्धता है। अब उपभोक्ताओं को केवल बिलों की मूल राशि ही चुकानी होगी, जबकि लेट फीस, सरचार्ज और ब्याज का पूरा बोझ माफ कर दिया जाएगा। भुगतान प्रक्रिया के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र उपभोक्ताओं को अपनी बकाया मूल राशि का 25 प्रतिशत हिस्सा एकमुश्त (शेष पेज 2 पर)

अमृतपाल सिंह को कस्टडी पैरोल, तारीख पर फैसला सोमवार को

- **दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अदालत ने दी अनुमति; अब 17 नवंबर को होगा अंतिम संस्कार और 19 नवंबर को रखे जाएंगे भोग**

अमृतसर, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह को अपनी दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दी गई एक दिन की कस्टडी पैरोल की तारीख पर फैसला अब सोमवार, 16 नवंबर को अमृतसर की अदालत द्वारा लिया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार सुबह अदालत ने उन्हें 14 नवंबर के लिए एक दिन की कस्टडी पैरोल की अनुमति दी थी।

हालांकि, उनके वकील द्वारा दायर शुरुआती याचिका में 14 नवंबर को अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति मांगी गई थी, लेकिन सुनवाई में देरी के कारण आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने और असम की डिब्रूगढ़ जेल से पंजाब पहुंचने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा था।

इन्हीं तकनीकी कारणों के चलते अब अंतिम संस्कार की तारीख बदलकर 17 नवंबर कर दी गई है। बताया गया कि 17 नवंबर को ही श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया जाएगा, जबकि 19 नवंबर को भोग डाले जाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए वकीलों ने अदालत से अपील की है कि अमृतपाल सिंह को 17 से 19 नवंबर तक अंतरिम जमानत दी जाए। (शेष पेज 2 पर)



महंगाई का शेयर बाजार पर असर

सेंसेक्स 460 अंक लुढ़का; रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत

- **आर.बी.आई. की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका से निवेशकों में सतर्कता**

मुंबई, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

घरेलू शेयर बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बाजारों में तीन सत्र की तेजी के बाद मुनाफावसूली और अक्टूबर में खुदरा महंगाई बढ़कर 6.09 प्रतिशत होने के बाद अगले महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से नीतिगत दर बढ़ाए जाने की आशंका के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।

बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 460 अंक टूटकर 81,441.17 अंक पर और एनएसई निफ्टी 179.05 अंक फिसलकर 25,119.50 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। वहीं, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में तेजी रही। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में कारोबार कर रहे हैं (शेष पेज 2 पर)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया



नयी दिल्ली, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर, ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और विदित गुजराती सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस बार किसी भी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार के लिए नहीं चुना गया था। लगभग 36 मिनट तक चले इस समारोह में युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया और खेल सचिव हरि रंजन राव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिशों के पुनर्मूल्यांकन के बाद 17 अर्जुन पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया था। इससे पहले 2014 में किसी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था।

विश्व कप विजेता शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख, तेजस्विन और महिला युगल बैडमिंटन खिलाड़ी गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली उन 17 खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। गुजराती, देशमुख, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल और युवा बधिर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों में शामिल थे। बीस वर्षीय देशमुख विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

गुजराती 2024 शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। तेजस्विन ने 2023 के एशियाई खेलों में डेकाथलॉन में (शेष पेज 2 पर)

सोना 7 महीने बाद 1.36 लाख रुपए से नीचे आया

- **3 दिन में 6,611 सस्ता; चांदी 3,040 रुपए गिरकर 1.77 लाख पर आई**

नई दिल्ली, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

शादी-ब्याह के लिए सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है। सोने की कीमत 7 महीने बाद 1.36 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे आ गई है। इससे पहले 23 मार्च 2026 को सोना 1,35,141 रुपए पर आया था। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 1,883 रुपए गिरकर 1,35,809 रुपए आ गया है, जो एक दिन पहले 1.38 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी 3,040 रुपए घटकर 1.78 लाख रुपए पर आ गई है, जो गुरुवार को 1.81 लाख रुपए पर थी। सोना लगातार तीन दिन में 6,611 रुपए और चांदी 8,000 रुपए सस्ती हुई है। 10 नवंबर को सोना 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 1.86 लाख रुपए किलो थी। सोना-चांदी की कीमत में गिरावट अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर मजबूत होने और बड़े निवेशकों के ऊंचे दामों पर बिकवाली करने से हो रही है।





भारत में जब्त की गई पाकिस्तानी ब्यूटी क्रीम में मिला जहरीला पारा

- **प्रदूषण का स्तर 48,000 गुना तक ज्यादा; उर्दू और अंग्रेजी लेबल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट बरामद**

नांदेड़, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

एक सरकारी प्रयोगशाला की रिपोर्ट से पता चला है कि 'मेड इन पाकिस्तान' (पाकिस्तान में निर्मित) लेबल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट में पारा (मर्करी) और आर्सेनिक जैसी जहरीली भारी धातुओं की मात्रा खतरनाक हद तक ज्यादा है। नांदेड़ पुलिस ने लगभग चार महीने पहले इन सामानों को जब्त किया था। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

गौरतलब है कि लगभग 39.69 लाख रुपये मूल्य के ये उत्पाद 9 जुलाई को नांदेड़ के मक्का गली इलाके में स्थित 'अफराह कलेक्शन' (अफराह टूर्स एंड ट्रैवल्स) पर की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए थे। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान लिए गए नमूनों की प्रयोगशाला जांच में दो ब्यूटी क्रीम में पारे की मात्रा खतरनाक रूप से अधिक पाई गई-जो कॉस्मेटिक नियमों के तहत तय सीमा से कहीं ज्यादा है।

'पार्ले 24K गोल्ड ग्लीम ब्यूटी क्रीम' में पारे की मात्रा 48,453.44 पार्ट्स प्रति मिलियन पाई गई, जबकि इसकी निर्धारित सीमा केवल 1 PPM है। इसी तरह, 'गोरी ब्यूटी क्रीम विद लाइकोपीन' में 6,924.94 PPM पारा पाया गया।

पुलिस ने बताया कि ये छापेमारी इतवारा पुलिस स्टेशन की एक टीम ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर की थी।

दुकान संचालक, मोहम्मद जियाउद्दीन मोहम्मद वाजिद के पास से उर्दू और अंग्रेजी लेबल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट बरामद किए गए, जिन पर उनके पाकिस्तानी होने का दावा किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि इन नतीजों ने नकली उत्पादों से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे कॉस्मेटिक्स में मौजूद पारे और आर्सेनिक के लंबे समय तक संपर्क में रहने से त्वचा की गंभीर बीमारियां, किडनी को नुकसान और तंत्रिका तंत्र (न्यूरोलॉजिकल) संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट और फॉरेन ट्रेड (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नकली, बिना लाइसेंस वाले या संदिग्ध आयातित उत्पादों की बिक्री के बारे में सूचना दें।

देश की मजबूती का आधार कानून नहीं, नागरिकों का चरित्र है : राजनाथ सिंह

लखनऊ, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां कहा कि देश कानूनों से नहीं, चरित्र से चलता है और समाज में केवल अच्छे संस्कार ही विश्वास पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए आध्यात्मिक विकास, केवल व्यक्ति की मुक्ति का मार्ग नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण का मार्ग है।

ब्रह्मकुमारीज नवदशकोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य सामने रखकर कार्य कर रहे हैं। हमारे लिए विकसित भारत का अर्थ केवल पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं है। वह उसका एक महत्वपूर्ण घटक अवश्य है, लेकिन विकसित भारत का हमारा सपना इससे कहीं व्यापक है। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए विकसित भारत का अर्थ है ऐसा भारत जहां नागरिक ईमानदार हों, जहां परिवारों में संस्कार हो, समाज में सद्भाव हो, जहां महिलाओं का सम्मान हो, जहां युवाओं में अनुशासन हो और ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति के मन में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का बोध हो।



राजनाथ ने कहा, 'आज आवश्यकता है कि हमारी शिक्षा, हमारा मन, हमारे वचन, हमारे कर्म, हमारा समाज और यहां तक कि हमारी राजनीति भी अध्यात्म से जुड़े और बेहतर समाज का मार्ग प्रशस्त करे।' उन्होंने कहा, 'लोग कहेंगे कि राजनीति, अध्यात्म से कैसे जुड़ सकती है, तो मैं बताता हूं कि राजनीति शब्द दो शब्दों- राज और नीति से मिलकर बना हुआ है। ऐसी राज व्यवस्था जो समाज को सद्मार्ग पर ले जाने का कार्य करे, उसे हम राजनीति कहते हैं।' रक्षा मंत्री ने कहा, 'विडंबना यह है कि राजनीति शब्द अपना अर्थ खो चुका है, अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। अक्सर राजनीति शब्द सुनते हुए युवाओं में नकारात्मक भाव पैदा होता है। उन्हें लगता है कि राजनीति का अर्थ चुनाव जीतना, विरोध करना और सत्ता प्राप्त करना है। जबकि राजनीति समाज और देश को दिशा देना का कार्य है।'

उन्होंने कहा कि राजनीति अपना मूल उद्देश्य तभी प्राप्त कर सकेगी जब चेतना और आध्यात्मिकता इससे जुड़ी होगी। 'इसे मैं राजनीति का आध्यात्मीकरण कहता हूं। इसका अर्थ राजनीति को किसी धर्म, संप्रदाय या (शेष पेज 2 पर)

वेटरनरी विश्वविद्यालय ने उत्साहपूर्वक मनाया सांस्कृतिक विविधता का उत्सव

लुधियाना, 13 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

गुरु अंगद देव वेटरनरी एवं एनिमल साइंसेज विश्वविद्यालय, लुधियाना के विद्यार्थियों और स्टाफ ने मिलकर परिसर में हॉस्टल नाइट 'अंजुमन' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक विविधता का एक उत्सव था। इस हॉस्टल नाइट का आयोजन विश्वविद्यालय के हॉस्टल की छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों और संस्कृतियों से जुड़े लोकगीतों, नृत्य शैलियों तथा भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया।



डॉ. जतिंदर पाल सिंह गिल, कुलपति ने अपनी पत्नी श्रीमती पवनजीत कौर गिल के साथ मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। निदेशक विद्यार्थी कल्याण डॉ. जसपाल सिंह हुंदल एवं डॉ. (श्रीमती) रणजीत कौर हुंदल, वेटरनरी साइंस कॉलेज के डीन डॉ. स्वर्ण सिंह रंधावा तथा श्रीमती जसविंदर कौर भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने विभिन्न प्रस्तुतियां देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

डॉ. गिल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों का एक ऐसा परिवार है, जिसके सभी सदस्य आपस में घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ के बीच आपसी मेल-जोल ने परिसर में एक अत्यंत उत्साहजनक वातावरण का निर्माण किया है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए निदेशालय विद्यार्थी कल्याण, वार्डनों और विद्यार्थियों की सराहना की।

डॉ. हुंदल ने कहा कि देश के हर कोने से विद्यार्थी वेटरनरी विश्वविद्यालय की अनुसंधान व्यवस्था में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयासरत हैं। विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच सांस्कृतिक विविधता के प्रति आपसी सम्मान विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी शक्तियों में से एक है।

डॉ. रंधावा ने 'विविधता में एकता' की भावना को बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों में से एक के रूप में स्थापित करने में योगदान देने के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की।

छात्राओं के हॉस्टल की वार्डन डॉ. शबनम सिद्धू और डॉ. एल. गीता तथा मुख्य वार्डन डॉ. नितिन देव सिंह ने छात्राओं के साथ संवाद करने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

डायबिटीज के प्रभावी प्रबंधन के लिए व्यापक एप्रोच आवश्यक: लिवासा अस्पताल, मोहाली

चंडीगढ़, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

वर्ल्ड डायबिटीज डे की पूर्व संध्या पर लिवासा अस्पताल, मोहाली के सीनियर कंसल्टेंट - फिजिशियन एवं डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. पुनीत कुमार ने कहा कि डायबिटीज को केवल बढ़े हुए ब्लड शुगर स्तर तक सीमित न रखकर एक पुरानी मेटाबोलिक बीमारी के रूप में समझना बेहद जरूरी है। अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप विकसित होने वाला डायबिटीज , विशेष रूप से लंबे समय तक ब्लड ग्लूकोज के अनियंत्रित रहने पर हृदय, किडनी, आंखों और नसों सहित शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकता है।

डायबिटीज के प्रभावी प्रबंधन के लिए केवल ब्लड शुगर की रीडिंग पर ध्यान देने के बजाय एक व्यापक एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है।

डॉ. पुनीत ने कहा, 'कई लोग वर्षों तक अपनी इस स्थिति से अनजान रहते हैं, क्योंकि शुरुआती लक्षण हल्के होते हैं या आसानी से नजरअंदाज हो जाते हैं। अधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, अत्यधिक भूख लगना, थकान, धुंधली दृष्टि, घावों का देरी से भरना और बार-बार संक्रमण होना कुछ ऐसे चेतावनी संकेत हैं, जिन्हें बिल्कुल भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।



डायबिटीज से जुड़ी दीर्घकालिक जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कुमार ने बताया कि लगातार बढ़ा हुआ ब्लड ग्लूकोज स्तर पूरे शरीर की रक्त वाहिकाओं और नसों को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक सहित हृदय संबंधी जटिलताओं का खतरा काफी बढ़ जाता है।

उन्होंने आगे बताया कि डायबिटीज किडनी की कार्यक्षमता को भी प्रभावित कर सकता है, जिससे क्रोनिक किडनी डिजीज और गंभीर मामलों में किडनी फेलियर तक की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विशेष रूप से पैरों और निचले अंगों की नसों को नुकसान पहुंचने से झुनझुनी, सुन्नपन, जलन और संवेदनशीलता कम होने जैसे लक्षण दिख सकते हैं। खराब रक्त संचार के कारण घाव भरने में देरी होती है, जिससे मामूली कट, छाले या संक्रमण भी गंभीर रूप ले सकते हैं।

समय पर निदान और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जोर देते हुए डॉ. कुमार ने सलाह दी कि वे चिकित्सीय परामर्श लेने के लिए लक्षणों के प्रकट होने का इंतजार न करें। समय पर चिकित्सीय हस्तक्षेप, नियमित निगरानी, उचित दवाओं, संतुलित आहार और शारीरिक गतिविधि को शामिल करते हुए एक व्यापक एप्रोच अपनाने से डायबिटीज को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।

पंजाब में मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरने के लिए बीजेपी को जमीनी मुद्दों पर करना होगा काम : डॉ. जगविंदर सिंह विर्क

चंडीगढ़, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **2027 के विधानसभा चुनाव से पहले नशा, बेरोजगारी, किसान और सिख बंदियों के मुद्दों के समाधान पर दिया जोर**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा अपनी आत्मकथा में 1984 की सिख विरोधी हिंसा को दुखद और शर्मनाक अध्याय बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए वैश्विक मामलों एवं भू-राजनीति विशेषज्ञ डॉ. जगविंदर सिंह विर्क ने कहा कि 1984 में जो हुआ, वह महज दंगे नहीं, बल्कि सिख समुदाय के खिलाफ नरसंहार था। उन्होंने कहा कि केवल इस घटना को शर्मनाक स्वीकार कर लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही तय होनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए।

उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की अनदेखी और राजीव गांधी की भूमिका पर भी सवाल उठाए।

पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए डॉ. विर्क ने आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब की सत्ता और निर्णय लेने की प्रक्रिया में दिल्ली का प्रभाव बढ़ा है तथा राज्य के मुख्यमंत्री के पास पर्याप्त अधिकार नहीं हैं। उनके अनुसार, नशे की समस्या, बेरोजगारी, किसानों की आर्थिक स्थिति और युवाओं का विदेश पलायन पंजाब के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। बीजेपी की भूमिका पर जोर देते हुए डॉ. विर्क ने कहा कि पंजाब में पार्टी के लिए अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान मजबूत करने का अवसर है। हालांकि, इसके लिए उसे केवल चुनावी रणनीति तक सीमित रहने के बजाय राज्य के बुनियादी मुद्दों पर ठोस काम करना होगा। सिख बंदियों की रिहाई, नशे पर नियंत्रण, बेरोजगारी और किसानों की कर्जमाफी जैसे विषयों को प्राथमिकता देनी होगी।



उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पंजाब के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने और बीजेपी को राज्य में एक मजबूत स्थानीय मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि पंजाब की राजनीति में पार्टी के साथ-साथ नेतृत्व का चेहरा भी महत्वपूर्ण होता है। डॉ. विर्क ने शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को भी जरूरी बताते हुए कहा कि युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे। उनके अनुसार, 2027 के चुनाव में पंजाब का भविष्य ऐतिहासिक जवाबदेही, विकास, रोजगार और मजबूत नेतृत्व जैसे मुद्दों से जुड़ा होगा।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के तहत ईवीएम और वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया शुरू : मेजर (डॉ.) सुमित मुध

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अधिकृत इंजीनियरों की ओर से की जा रही मशीनों की जांच**
- **राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की हो रही वीडियोग्राफी एवं लाइव वेबकास्टिंग**

2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर जिला होशियारपुर में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया 12 नवंबर से जिला ईवीएम वेयरहाउस होशियारपुर में शुरू हो गई है।

इस संबंध में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज)-कम-अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी मेजर (डॉ.) सुमित मुध ने बताया कि एफएलसी की पूरी प्रक्रिया भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुसार की जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहें ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने बताया कि एफएलसी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई है और लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से भी इसकी निगरानी की जा रही है। इसके लिए जिला मुख्यालय और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब के कार्यालय में भी लाइव वेबकास्टिंग की फीड उपलब्ध करवाई गई है। मेजर (डॉ.) सुमित मुध ने कहा कि विधानसभा चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर इंडियन नेशनल कांग्रेस से रजनीश टंडन, आम आदमी पार्टी से खुशी राम धीमान, भाजपा से भूषण कुमार शर्मा, सीपीआई(एम) से गुरमेश सिंह, तहसीलदार चुनाव रमनदीप कौर, चुनाव कानूनगो लखबीर सिंह भी मौजूद थे।



बेटी की उपलब्धि का सम्मान नहीं कर सकते तो कम से कम उसका अपमान भी मत करो

पैग़ाम-ऐ-जगत
नवांशहर/काठगढ़, 13 नवंबर (जतिंदर पाल सिंह कलेर)

गांव रैल माजरा की होनहार बेटी दिलजोत कौर ने जिला स्तरीय शॉट पुट मुकाबले में पहला स्थान हासिल करके अपने माता-पिता, स्कूल और पूरे गांव का नाम रोशन किया है। इस बड़ी उपलब्धि पर गांव की बेटी का हौसला बढ़ाने और उसकी मेहनत को सम्मान देने के लिए गांव में फ्लेक्स लगाया गया था।

- **रैल माजरा की बेटी दिलजोत कौर का फ्लेक्स फाड़ने की तेजी मांगट ने की कड़ी निंदा, जांच की मांग**

लेकिन बड़े अफसोस और शर्म की बात है कि किसी शरारती तत्व की ओर से उस फ्लेक्स को फाड़ दिया गया। यह सिर्फ एक फ्लेक्स नहीं फाड़ा गया, बल्कि एक मेहनती बेटी की उपलब्धि और उसका हौसला बढ़ाने वाली सोच का अपमान करने की कोशिश की गई है।



इस घटना पर सख्त प्रतिक्रिया देते हुए पार्टी मिसल सतलुज के दोआबा जोन के प्रधान तेजी मांगट ने ऐसी घटिया मानसिकता की सख्त शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि अगर बेटी की उपलब्धि का सम्मान नहीं कर सकते तो कम से कम उसका अपमान भी मत करो।

तेजी मांगट ने कहा कि फ्लेक्स फाड़ने से किसी बेटी की उपलब्धि नहीं मिटती, उसकी मेहनत नहीं मिटती और न ही उसके माता-पिता का गर्व कम होता है। दिलजोत कौर की उपलब्धि ज्यों की त्यों कायम है और रहेगी। जो लोग बेटियों की उपलब्धियों को बर्दाश्त नहीं कर सकते, उन्हें अपनी सोच बदलने की जरूरत है। गांव की बेटियों का हौसला बढ़ाना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है।

उन्होंने मांग की कि इस घटना की जांच की जाए और फ्लेक्स फाड़ने वाले व्यक्तियों की पहचान करके उनके खिलाफ बनती कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि बेटियों की उपलब्धियों का सम्मान करना सीखो, उनका हौसला मत तोड़ो। हम अपनी बेटियों की मेहनत और कामयाबी के साथ पहले भी खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बी.सी. पात्रा ने ईवीएम और वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया का लिया जायजा

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

वर्ष 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बी.सी. पात्रा ने शुक्रवार को ज़िला ईवीएम वेयरहाउस होशियारपुर में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एफएलसी की तैयारियों, मशीनों की जांच और गुणवत्ता संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उनके साथ एएसओ सतीश कुमार भी मौजूद थे।

इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज)-कम-अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी मेजर (डॉ.) सुमित मुध भी उपस्थित थे। उन्होंने बी.सी. पात्रा को जिले में एफएलसी प्रक्रिया के तहत की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों संबंधी जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन की तैयारियों पर तस्सली प्रकट की।

मेजर (डॉ.) सुमित मुध ने बताया कि पंजाब विधानसभा चुनाव-2027 के मद्देनजर जिले में ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच की प्रक्रिया 12 नवंबर से जिला ईवीएम वेयरहाउस में शुरू हो चुकी है। यह प्रक्रिया भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्धारित दिशा-निर्देशों और तकनीकी मानकों के अनुसार की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी भी सुनिश्चित की गई है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के साथ-साथ लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है, जिसकी फीड जिला मुख्यालय और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पंजाब के कार्यालय में भी उपलब्ध करवाई गई है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप की जा रही हैं, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारू ढंग से संपन्न करवाए जा सकें। इस मौके पर नोडल अधिकारी ईवीएम डॉ. बलविंदर सिंह, तहसीलदार चुनाव रमनदीप कौर तथा विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में इंडियन नेशनल कांग्रेस से रजनीश टंडन, आम आदमी पार्टी से खुशी राम धीमान और भारतीय जनता पार्टी से भूषण कुमार शर्मा, सीपीआई (एम) गुरमेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

संतोखगढ़ में 17 से 24 नवंबर तक होगी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, भव्य कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

गोपालक मंदिर निर्माण के लिए गो रक्षणी सभा ने श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की

पैग़ाम-ऐ-जगत
संतोखगढ़/ऊना, 13 नवंबर
(राजवीर चोपड़ा)

गो रक्षणी सभा संतोखगढ़ की ओर से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वीरवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सभा के चेयरमैन शादी लाल शर्मा एवं अध्यक्ष शेखर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संतोखगढ़ में 17 नवंबर से 24 नवंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्री गीता मातेश्वरी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृत रसपान करवाएंगी।

उन्होंने बताया कि कथा का शुभारंभ 17 नवंबर को दोपहर 3 बजे गीता भवन मंदिर, संतोखगढ़ से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आगामी सात दिनों तक कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, धर्म, सदाचार तथा जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश दिया जाएगा।



इस अवसर पर गो रक्षणी सभा के पदाधिकारियों ने गोपालक मंदिर के निर्माण के लिए भी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था एवं सामाजिक एकता से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। सभी श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें, ताकि सामूहिक सहयोग से मंदिर निर्माण का सपना साकार हो सके।

चेयरमैन शादी लाल शर्मा एवं अध्यक्ष शेखर शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण करें तथा धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाएं।

इस अवसर पर सभा के महासचिव जगमोहन वालिया, शशि चब्बा, चरण दास महाजन, राममूर्ति सैनी, डॉ. गुलशन शर्मा, बलराम चब्बा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

"पैगाम-ऐ-जगत"
NEWS & WEB CHANNEL
HEAD OFFICE
F 388, Industrial Area,
Sector 74, Sahibzada Ajit
Singh Nagar, Punjab 160071
CONTACT : +91 9878862733, 9872340701
ਫੈਂਟਾ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਫੈਂਟਾ ਦਪਾਰ
"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਲਾਸੀਫਾਈਡ ਜੱਤਿਤ, ਵਪਾਰ, ਨਾਮ ਪਰਿਵਰਤਨ, ਵਿਆਪਾ ਸੰਬੰਧੀ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਆਦਿ ਲਈ ਘਰ ਬੈਠੇ ਸੂਚਿਤ ਕਰੋ।

पेज एक का शेष

असम: काजीरंगा में...

विधायक भी हैं-तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया।

घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर कर दिया गया। अधिकारी ने आगे कहा, 'बस बहुत तेज रफ्तार में थी, जो पार्क के पास लागू नियमों का उल्लंघन है। हमारा मानना है कि यह हादसा तब हुआ जब मिनी-बस के ड्राइवर ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और बस एक कंटेनर ट्रक से जा टकराई।

दिल्ली ने लाहौर..

रखा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्विस और भारतीय आंकड़ों में यह अंतर इसलिए है क्योंकि वायु प्रदूषण को मापने और वर्गीकृत करने के लिए अलग-अलग तरीकों और पैमानों का उपयोग किया जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि सर्दियों की शुरुआत के साथ ही, उत्तरी भारत के बड़े हिस्सों और पड़ोसी देश पाकिस्तान में वायु प्रदूषण एक गंभीर मौसमी समस्या बन जाता है। ठंड और घनी हवा के कारण, वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ी धूल और पराली जलाने से पैदा हुआ धुआं जैसे प्रदूषक तत्व निचले वायुमंडल में फंस जाते हैं, जिससे आम लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है।

पी.एम. मोदी...

परियोजना का निर्माण करीब 3,470 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस नए खंड से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच संपर्क बेहतर होगा, रोजाना आवागमन आसान होगा, यात्रा का समय घटेगा और बेंगलुरु में सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं मजबूत होंगी। अधिकारियों के अनुसार, नम्मा मेट्रो की पिंक लाइन का 7.5 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड खंड कलेना अग्रहारा से तवरेकेरे और सुद्दागुंटेपल्या तक फैला है।

इसके जयदेव स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो लाइन से जुड़ने की उम्मीद है। इस खंड पर आम लोगों के लिए मेट्रो सेवा 14 नवंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी।

मैसूर में खुला...

'कॉसमॉस तारामंडल' को राष्ट्र को समर्पित करने के लिए इकट्ठा हुए हैं। ये दोनों ही अवसर भारत की संस्कृति और मूल्यों के बारे में एक गहरा संदेश देते हैं। 'विवेक स्मारक' हमें अपने भीतर झांकने और आध्यात्मिक ज्ञान खोजने की प्रेरणा देता है, जबकि 'कॉसमॉस तारामंडल' हमारा ध्यान आकाश की ओर ले जाता है, और हमें इस विशाल ब्रह्मांड को जानने और इसके रहस्यों को सुलझाने के लिए प्रेरित करता है। यह इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि भारत में आध्यात्मिकता और विज्ञान की परंपराएं हमेशा एक साथ आगे बढ़ी हैं।

मणिपुर में उग्रवादियों...

रहने वाले मैतेई समुदाय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की जान जा चुकी है। इस संघर्ष के दौरान 49 लोग लापता हो गए हैं और हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके अलावा, इस साल फरवरी से पहाड़ी जिलों में कुकी और नागा समुदायों के बीच हुई झड़पों में कम से कम 50 लोगों की मौत हो चुकी है।

मान सरकार ने...

जमा करवाना होगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत राशि अधिकतम छह बराबर मासिक किस्तों में अदा की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे उपभोक्ता भुगतान के लिए छह महीने का अतिरिक्त समय भी ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी परिवार इस अवसर से वंचित न रहे। आसान भुगतान व्यवस्था उपभोक्ताओं को जमा हुए जुर्माने और ब्याज के बोझ के बिना अपने बकाये का भुगतान करने में मदद करेगी।'

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस योजना में सभी घरेलू बिजली उपभोक्ता शामिल होंगे, चाहे उनके बिजली कनेक्शन फिलहाल चालू हों या काट दिए गए हों। उन्होंने कहा, 'जिन उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा चुके हैं, वे भी इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत बकाया मूल राशि का भुगतान करने के बाद उनके काटे गए कनेक्शन दोबारा चालू करने के योग्य हो जाएंगे।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना 31 मार्च 2026 तक के सभी बकाया बिजली बिलों को कवर करेगी और वाणिज्यिक सर्कुलर जारी होने से 45 दिनों तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिसूचना शनिवार, 14 नवंबर को जारी की जाएगी, जिसके बाद योजना तुरंत प्रभाव से लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी पात्र घरेलू बिजली उपभोक्ताओं से अपील की कि वे निर्धारित 45 दिनों की अवधि के दौरान इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाये का निपटारा करें।'

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) अगले सात दिनों के भीतर सभी पात्र उपभोक्ताओं को विशेष ओटीएस बिल और नोटिस भेजेगा। इन बिलों में कुल बकाया राशि, माफ किए जा रहे सरचार्ज और ब्याज तथा योजना के तहत देय मूल राशि का स्पष्ट विवरण दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'पूरी प्रक्रिया को अधिकतम सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है। प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को अपने बकाये, माफ की जाने वाली राशि और योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक भुगतान का स्पष्ट हिसाब मिलेगा।' जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा, 'सरकार का हर फैसला आम लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लिया जाता है। 518 करोड़ रुपये की माफी लाखों परिवारों को जमा हुए बिजली बकाये के बोझ से बाहर निकलने और एक सरल एवं सुविधाजनक व्यवस्था के माध्यम से अपने खाते क्लियर करने का अवसर देगी।'

अमृतपाल सिंह को...

इस पर अदालत के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। एडवोकेट पन्नू ने बताया कि इससे पहले पंजाब सरकार ने अंतरिम जमानत देने का विरोध किया था, लेकिन पार्टी के लीगल सेल के वकीलों की जोरदार दलीलों के बाद अदालत ने एक दिन की अनुमति दे दी थी।

पार्टी के प्रवक्ता ने अदालत के फैसले की पुष्टि करते हुए बताया कि अमृतपाल सिंह को केवल एक दिन, जबकि उनके चाचा को दो दिन और एक अन्य रिश्तेदार को तीन दिन की अंतरिम जमानत दी गई है। कानूनी प्रक्रिया में अधिक समय लगने के कारण ही अदालत से तारीखों में बदलाव करने की अपील की गई है। इसी के अनुसार अंतिम संस्कार का कार्यक्रम भी दोबारा निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि अमृतपाल सिंह की दादी का 8 नवंबर को निधन हो गया था। अब उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां 17 नवंबर के लिए की जा रही हैं।

सेंसेक्स 460 अंक...

जबकि जापान का निक्की 225 और चीन का एसएसई कम्पोजिट बढ़त में रहा। अमेरिकी शेयर बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव 0.44 प्रतिशत फिसलकर 95.40 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से 7,830.60 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 31.61 अंक और निफ्टी 44.30 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था। रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ सात पैसे की मामूली बढ़त के साथ 94.05 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी के निरंतर निवेश, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अनुकूल बाहरी माहौल से रुपये में सकारात्मक रुझान दिख रहा है। हालांकि, विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया करीब 94.07 प्रति डॉलर पर खुला। फिर 94.05 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की बढ़त है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू...

ऐतिहासिक रजत पदक जीता था और पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरा स्थान हासिल किया था। घुटने की समस्या से जूझने के बावजूद उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया।

उन्होंने आइची-नागोया में एशियाई खेलों में भी कांस्य पदक जीता था। वह उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने पुरस्कारों की घोषणा में देरी की आलोचना करते हुए इसे खिलाड़ियों का अनादर बताया था। वर्ष 2024 में रिकॉर्ड 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जिनमें से 17 पैरा खेलों से थे। इस बार पैरा खेलों से केवल दो नाम ही अंतिम सूची में शामिल थे।

देश की मजबूती...

पंथ से जोड़ना नहीं है, बल्कि कर्तव्य जैसे सार्वभौमिक मूल्य से जोड़ना है।'

रक्षा मंत्री ने कहा, 'व्यक्ति जब सत्ता में आए तो उसके मन में अधिकार से पहले उत्तरदायित्व का भाव होना चाहिए। जब वह कोई निर्णय ले तो उसके समक्ष व्यक्तिगत लाभ से पहले जनहित होना चाहिए। उसके पास शक्ति के साथ विनम्रता और विवेक भी होना चाहिए। इतिहास भी हमें यही सिखाता है।' वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, 'पूर्व में बड़े बड़े साम्राज्य केवल नैतिक चेतना नहीं होने से ढह गए। उन्होंने शक्ति को ही सर्वोपरि माना, संयम को नहीं। उन्होंने विजय को लक्ष्य बनाया, संतुलन को नहीं। उन्होंने जनता से लेने पर जोर दिया, देने पर नहीं। इसीलिए वे पतन को प्राप्त हुए।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

चंडीगढ़ के हर सात में से एक स्कूली बच्चा मायोपिया से प्रभावित: पीजीआईएमईआर सर्वेक्षण

चंडीगढ़, 13 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **4,211 बच्चों की जांच में 597 में मिली नजर की कमजोरी, 40 प्रतिशत बच्चों को अपनी समस्या की जानकारी नहीं**



पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ के एडवांस्ड आई सेंटर द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में सामने आया है कि चंडीगढ़ के लगभग हर सात में से एक स्कूली बच्चा मायोपिया (दूर की नजर कमजोर होना) से प्रभावित है। यह सर्वेक्षण ऑल इंडिया ऑप्थैल्मोलॉजिकल सोसाइटी (एआईओएस) द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से शुरू की गई देशव्यापी पहल 'एआईओएस सी इंडिया प्रोजेक्ट' के तहत किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत देश के 60 चयनित जिलों में 1.8 लाख स्कूली बच्चों की आंखों की जांच करने का लक्ष्य रखा गया है।

एडवांस्ड आई सेंटर के प्रोफेसर डॉ. जसप्रीत सुखीजा के नेतृत्व में किए गए चंडीगढ़ सर्वेक्षण में 15 स्कूलों को शामिल किया गया, जिनमें आठ शहरी और सात ग्रामीण स्कूल थे। इस दौरान कुल 4,211 बच्चों की जांच की गई। पूरा सर्वेक्षण एडवांस्ड आई सेंटर की प्रमुख प्रो. उषा सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वेक्षण के अनुसार, 597 बच्चों (14.2 प्रतिशत) में मायोपिया पाया गया। इनमें से लगभग 40 प्रतिशत बच्चों को अपनी आंखों की समस्या के बारे में जानकारी नहीं थी। शहरी बच्चों में मायोपिया की दर 13.06 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण बच्चों में 16.26 प्रतिशत रही। ग्रामीण क्षेत्रों में मायोपिया से प्रभावित लगभग 47 प्रतिशत बच्चे अपनी समस्या से अनजान थे, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 35.6 प्रतिशत रहा।

विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल और अन्य डिजिटल स्क्रीन का बढ़ता इस्तेमाल तथा बाहर खेलने की घटती आदत बच्चों में मायोपिया बढ़ने के प्रमुख कारण हैं। गंभीर मायोपिया आगे चलकर रेटिना का अलग होना, ग्लूकोमा और आंखों की अन्य गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। माता-पिता को सलाह दी गई है कि वे बच्चों को प्रतिदिन कम से कम दो घंटे बाहरी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें, मनोरंजन के लिए स्क्रीन का इस्तेमाल सीमित रखें और पढ़ाई के दौरान नियमित अंतराल पर विराम दें। समय-समय पर आंखों की जांच करवाना भी जरूरी है। विशेषज्ञों की निगरानी में मायोपिया की प्रगति को धीमा करने के लिए कम मात्रा वाली एट्रोपिन आई ड्रॉप्स तथा विशेष रूप से तैयार चश्मे और कॉन्टैक्ट लेंस जैसे उपचार भी उपलब्ध हैं। पीजीआई के एडवांस्ड आई सेंटर में हर महीने नए मायोपिया से प्रभावित लगभग 50 से 60 बच्चे इलाज के लिए आते हैं। संस्थान बच्चों की आंखों की जांच, समय पर बीमारी की पहचान, जागरूकता और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार के माध्यम से बाल नेत्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है।

जनगणना-2027 : नगर निगम क्षेत्र के निवासी 16 से 30 नवंबर तक घर बैठे कर सकेंगे ऑनलाइन स्व-गणना : प्रीतइंदर सिंह बैंस

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- **ऑनलाइन स्व-गणना के लिए नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 27-ए में स्थापित किया विशेष हेल्पडेस्क**



जनगणना-2027 के तहत नगर निगम होशियारपुर की सीमा में रहने वाले नागरिकों के लिए 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ इन्यूमरेशन) की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर प्रीतइंदर सिंह बैंस ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और निर्धारित समय के भीतर अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज करवाएं। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से नागरिक घर बैठे ही आधिकारिक वेब पोर्टल या मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए अपने परिवार और व्यक्तिगत विवरण आसानी से दर्ज एवं सत्यापित कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य जनगणना के लिए सही और संपूर्ण आंकड़े एकत्रित करना है, ताकि भविष्य में शहर की बेहतर योजना बनाने और नागरिक सुविधाओं को प्रभावी ढंग से उपलब्ध करवाने में सहायता मिल सके। कमिश्नर ने नागरिकों को सलाह दी कि ऑनलाइन फॉर्म भरने से पहले वे अपने घर से संबंधित बुनियादी विवरण, पहचान पत्र तथा परिवार के सदस्यों की आवश्यक जानकारी तैयार रखें। स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्राप्त होने वाली सेल्फ इन्यूमरेशन रेफरेंस आईडी अथवा रसीद को संभालकर रखें, ताकि आगामी चरण में घर-घर सत्यापन के लिए आने वाले गणनाकार को यह दिखाया जा सके।

उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों को ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी कठिनाई आती है या जिनके पास इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, उनकी सहायता के लिए नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 27-ए में विशेष हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। यहां कार्यदिवसों के दौरान नागरिकों को नि:शुल्क मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक गणनाकार घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे और आवश्यक विवरण एकत्रित करेंगे। प्रीतइंदर सिंह बैंस ने शहरवासियों से अपील की कि वे जनगणना-2027 की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय के भीतर सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ स्व-गणना पूरी करें।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी और एसएसपी ने ईवीएम तथा वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच का लिया जायजा

संगरूर, 13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वजोत कौर ने जिला प्रशासनिक परिसर स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का दौरा किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों की चल रही प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) के कार्य का जायजा लिया।जिला निर्वाचन अधिकारी पूनमदीप कौर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार यह जांच 12 नवंबर 2026 को शुरू की गई थी। इस दौरान मशीनों की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तकनीकी खराबी का समय रहते पता लगाया जा सके और चुनाव के दौरान मशीनों से संबंधित तकनीकी समस्याओं की आशंका को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तकनीकी और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। पूनमदीप कौर ने कहा कि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिनिधियों से अपील की कि वे जांच पूरी होने तक प्रतिदिन वेयरहाउस में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और जांच प्रक्रिया को स्वयं देखें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जांच का कार्य सुचारू रूप से पूरा करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं और इसकी नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव करवाने के लिए जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी चुनावी प्रबंध समय पर पूरे करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऊना में 17 नवंबर को 60 टेलीकॉलर पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू

ऊना, 13 नवंबर, (पैग़ाम-ऐ-जगत)



जिला रोजगार कार्यालय ऊना में 17 नवंबर को सुबह 10:30 बजे कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से मैसर्ज नानक फाइनेंशियल सर्विसेज, इंडस्ट्रियल फोकल प्वाइंट, एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब) में टेलीकॉलर के 60 पद भरे जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यस्थल मोहाली में होगा और उन्हें 14 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 10वीं, 12वीं या इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले 19 से 40 वर्ष आयु के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। फ्रेशर और अनुभवी, दोनों तरह के उम्मीदवार साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार के दिन अपने शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो), बायोडाटा और दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित सभी संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रतियां लेकर जिला रोजगार कार्यालय ऊना में पहुंचें। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

मिडल स्कूल चक्क गुज्जरां की बाल पत्रिका 'परवाज' लोक अर्पण



हुशियारपुर, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

शिक्षा विभाग पंजाब और जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी श्रीमती हरजिंदर कौर के दिशा-निर्देश के तहत सरकारी मिडल स्कूल चक्क गुज्जरां द्वारा बाल दिवस के विशेष मौके पर स्कूल की बाल पत्रिका 'परवाज' संपादक मैडम बबीता रानी के संपादन में लोक अर्पण की गई। पत्रिका के बारे में बात करते हुए मैडम बबीता रानी ने कहा कि परवाज पत्रिका में स्कूल के विद्यार्थियों की बाल कलमों द्वारा सृजित रचनाओं को शामिल किया गया है। विद्यार्थियों ने कविताओं, कहानियों, लेखों और सांस्कृतिक लेखन के माध्यम से अपनी मौलिक सृजनाओं का प्रदर्शन किया है। सरकारी मिडल स्कूल चक्क गुज्जरां की यह पांचवीं सालाना पत्रिका है। जब यह बाल पत्रिका छपकर नन्हे बाल लेखकों के हाथों में आई तो उनके चेहरे की चमक देखने लायक थी। विद्यार्थियों के लिए किया गया यह प्रयास उनके बड़े होकर बड़े लेखक बनने की ओर उठाया गया पहला सार्थक कदम है। पत्रिका को लोक अर्पण करने के समय मैडम वीरां वाले, मैडम मनप्रीत कौर और स्कूल के नन्हे लेखकों समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

शेर दिल अरविंद केजरीवाल गीदड़ धमकियों से डरने वाले नहीं : राजेन्द्र सोरखी

पैग़ाम-ऐ-जगत/हांसी (दिनकर गावड़ी)

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से सात करोड़ की फिरौती मांगने और फिरौती न देने पर उन्हें व उनकी पुत्री हर्षिता को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से जान से मारने की धमकी दिए जाने की कठोर शब्दों में निंदा की है। इस धमकी से देश भर के आप नेताओं व कार्यकर्ताओं में तीव्र रोष है। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व हांसी जिला के अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि आम आदमी पार्टी की देशभर में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए ऐसे ओछे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन गीदड़ धमकियों से पार्टी के दिलेर नेता घबराने वाले नहीं हैं। पार्टी की दिनोदिन बढ़ती साख को देखते हुए आये दिन भाजपा सरकार आप नेताओं व कार्यकर्ताओं पर तरह-तरह के जुल्म ढाने पर तुली हुई है। इस मामले में दिल्ली के तिलक नगर से आप विधायक जरनैल सिंह को आए धमकी भरे फोन कॉल और व्हाट्सएप मैसेज मिलने के बाद पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखवा दी गई है। पार्टी ने धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है।

आप के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सोरखी ने कहा है कि हाल में मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ भी भाजपा सरकार द्वारा घटिया हरकतें की गई। शेरे पंजाब भगवंत मान पंजाब में अब तक भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं और भविष्य में होने वाले चुनाव में भी उन्हें आईना दिखाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारें आनी-जानी चीज हैं, लेकिन बदले की भावना से या भेदभाव से काम करना सर्वथा गलत है। भाजपा सरकार को समय रहते अपने में सुधार लाना चाहिए अन्यथा समय आने पर देश की जनता भाजपा व उनके नेताओं को सबक सिखाने का काम करेगी।

गांव मजाट को मिला नया खेल मैदान, परमिंदर सिंह गोल्डी ने किया उद्घाटन

पैग़ाम-ऐ-जगत
दविंदर कौर (खरड़)



हलका खरड़ के गांव मजाट में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के मकसद से नए खेल मैदान का उद्घाटन हलका खरड़ के इंचार्ज और पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा किया गया।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह खेल मैदान पंजाब सरकार द्वारा सूबे में तैयार किए जाने वाले 3,100 खेल मैदानों के लक्ष्य के तहत बनाया गया है। सरकार का मकसद युवाओं की ऊर्जा को खेलों की ओर लगाना और उन्हें नशों से दूर रखने के लिए खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

इस खेल मैदान में युवाओं के लिए जिम, फुटबॉल ग्राउंड, क्रिकेट और वॉलीबॉल समेत विभिन्न खेल खेलने की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जिससे गांव के खिलाड़ियों को अपने हुनर को निखारने के लिए बेहतर मौका मिलेगा। इस मौके पर खिलाड़ियों को वॉलीबॉल की किटें और खेलों के लिए जूते भी बांटे गए।

सरदार गोल्डी ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना समय की जरूरत है और गांव स्तर पर बेहतर खेल सुविधाएं मुहैया करवाने से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के मौके मिलेंगे।

इस मौके पर ब्लॉक समिति के चेयरमैन सरदार रघवीर सिंह मोदी, बी.डी.पी.ओ. सरदार महिकमीत सिंह, ब्लॉक प्रधान सरदार दलजीत सिंह, संजीव राणा, सरपंच सरदार गुरिंदर सिंह, ब्लॉक समिति मेंबर सरदार बलजीत सिंह और सरदार जगजीत सिंह, मनप्रीत सिंह लंबरदार, हरप्रीत सिंह हैप्पी, हैप्पी सरपंच मछली कलां समेत अन्य गणमान्य सज्जन और गांव वासी मौजूद थे।

मतदाता जागरूकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने के लिए एसडी महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **एसडीएम राजेश खोथ ने विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित, बोले- लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता होना जरूरी**



मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से हांसी विधानसभा क्षेत्र में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राजेश खोथ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

एसडीएम राजेश खोथ ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सफलता केवल चुनाव करवाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय होना भी आवश्यक है। मतदान प्रत्येक पात्र नागरिक का महत्वपूर्ण अधिकार होने के साथ-साथ एक बड़ी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में एसडी महिला महाविद्यालय की आस्था शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में जीएमएसएसएस स्कूल की छोटी ने दूसरा, पीएम श्री जीएसएस स्कूल पुठी मंगल खां की नैन्सी ने तीसरा, एसएलएसजीजीएस स्कूल की पूनम ने चौथा तथा इसी विद्यालय की चाहत ने पांचवां स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीएम श्री जीएसएस स्कूल पुठी मंगल खां के सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय की अंजली ने दूसरा स्थान हासिल किया। एसएलएसजीजीएस स्कूल के मनुज ने तीसरा, इसी विद्यालय के भतेरी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। एसडी महिला महाविद्यालय की परी ने पांचवां, इसी महाविद्यालय की आस्था शर्मा ने छठा तथा जीएमएसएसएस स्कूल के गोपाल ने सातवां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर तहसीलदार अनिल कुमार बिढान, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी, भाजपा नेता सोनू जांगड़ा,चुनाव कानूनगो मुकेश बंसल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद है।

फुटबॉल मैदान में खिलाड़ियों के बीच पहुंचे एसपी विनोद कुमार, युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)



पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डंडेरी के खेल स्टेडियम में पहुंचकर ग्रामीणों, खिलाड़ियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर हांसी पुलिस की ओर से गांव की जूनियर एवं सीनियर फुटबॉल टीमों के बीच मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत एसपी ने खिलाड़ियों से परिचय किया और फुटबॉल मैच का शुभारंभ करवाया। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। युवाओं को अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक एसएचओ सुनील कुमार ने ग्रामीण युवाओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साइबर थाना की टीम ने साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी तथा फर्जी कॉल एवं लिंक से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वहीं नशा मुक्ति टीम के सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने ग्रामीणों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज का निर्माण केवल पुलिस के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक, अभिभावक और युवा की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर डीएसपी विनोद शंकर, प्रतीक्षा, सीएमजीए हांसी, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, ग्रामीण उपस्थित रहे। हांसी पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने, खेलों को बढ़ावा देने तथा आमजन को यातायात नियमों एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सर्व समाज सभा के प्रधान सतपाल जिंदल को शॉल व सम्मान-पत्र देकर किया सम्मानित



पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया, 13 नवंबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने रतिया दौरे के दौरान रेस्ट हाउस में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य एवं सर्व समाज सभा रतिया के अध्यक्ष सतपाल जिंदल को शॉल और सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ सदस्य कालूराम ओड को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा महामंत्री वेद फूला ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को सतपाल जिंदल के संगठनात्मक योगदान से अवगत करवाते हुए बताया कि वे रतिया में भाजपा के सबसे पुराने और समर्पित सदस्यों में से एक हैं। उन्होंने लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अनुभव, समर्पण और मार्गदर्शन संगठन की महत्वपूर्ण पूंजी है। वरिष्ठ सदस्यों के सहयोग से युवा पीढ़ी को संगठन से जुड़कर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देना संगठन की परंपरा का हिस्सा है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद सतपाल जिंदल ने प्रदेशाध्यक्ष और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे तन-मन-धन से पार्टी के समर्पित सिपाही के रूप में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से उनका उत्साह बढ़ा है और इसके साथ ही संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारी भी और अधिक बढ़ गई है। इस अवसर पर भाजपा के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छठ पर्व पर जा रहे यात्रियों में ट्रेन में चढ़ने को लेकर धक्का-मुक्की

- **दरवाजे बंद होने पर यात्री टूटी खिड़कियों से ट्रेन में घुसे**



पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला, 13 नवंबर (आर. सिंह)

त्योहारों के मौसम और छुट्टियों के दौरान रेलगाड़ियों में यात्रियों की भारी भीड़ के बीच रेलवे की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ रूटों पर भीड़ कम करने के दावों के बावजूद जनसेवा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। आरक्षित डिब्बों में भीड़ और सामान्य डिब्बों में अत्यधिक यात्रियों के कारण सफर खतरनाक हो गया है। अनेक यात्री शौचालयों में खड़े रहने को मजबूर हैं।

आज शुक्रवार को जैसे ही अमृतसर-पूर्णिया जनसेवा एक्सप्रेस (14618) अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची, यात्रियों की भारी भीड़ ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़ पड़ी। सैकड़ों यात्री अफरा-तफरी में फंस गए। रेलवे की लापरवाही के कारण चेयर कार के डिब्बों को सामान्य डिब्बों से बदल दिया गया, जिससे जगह की भारी कमी हो गई। डिब्बों के बहुत कम दरवाजे खुले हुए थे। परिणामस्वरूप अनेक यात्री खिड़कियों और शौचालयों के रास्ते डिब्बों में प्रवेश करते दिखाई दिए। कुछ यात्रियों ने बंद दरवाजों को खटखटाकर खोलने की गुहार लगाई, लेकिन अंदर बैठे यात्रियों ने अपनी सुरक्षा और जगह की कमी के डर से दरवाजे खोलने से इनकार कर दिया। ट्रेन में चढ़े एक यात्री को सांस लेने में परेशानी होने के कारण नीचे उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा। जैसे ही ट्रेन रवाना हुई, कई प्रवासी यात्री दरवाजों और फुटबोर्ड पर लटके हुए दिखाई दिए। प्लेटफॉर्म पर तैनात आरपीएफ और जीआरपी कर्मचारियों ने यात्रियों को व्यवस्थित ढंग से ट्रेन में चढ़ाने और बंद दरवाजे खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन भारी भीड़ और अंदर बैठे यात्रियों के विरोध के कारण उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। आरपीएफ प्रभारी रविंदर सिंह ने बताया कि अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है और यात्रियों को जोखिम भरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जा रही है।

पी.ए.यू.-के.वी.के., संगरूर द्वारा चार गांवों में पराली प्रबंधन मशीनरी की खेत प्रदर्शनियां आयोजित

संगरूर, 13 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने और धान की पराली जलाने की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.), संगरूर द्वारा जिले के गांव कैंपर, चट्ठे नकाटे, तुंगां और कनौई में पराली प्रबंधन संबंधी खेत प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। इन प्रदर्शनियों के दौरान किसानों को धान की पराली का खेत में ही प्रबंधन करने की विधि के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के तहत किसानों के खेतों में एक दर्जन से अधिक प्रदर्शनियां लगाई गईं। इनके दौरान हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर और मल्चर जैसी फसल अवशेष प्रबंधन (सी.आर.एम.) मशीनों को चलाकर दिखाया गया। किसानों को इन मशीनों के काम करने के तरीके और खेतों में इनके सही उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई।

पी.ए.यू.-के.वी.के., संगरूर के प्रभारी डॉ. मनदीप सिंह ने किसानों से धान की पराली का खेत में ही प्रबंधन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन-सीटू पराली प्रबंधन से लंबे समय में मिट्टी की सेहत सुधारने, मिट्टी में नमी बनाए रखने और पर्यावरण की रक्षा करने में मदद मिलती है। उन्होंने किसानों को धान की पराली जलाने की प्रथा पूरी तरह छोड़ने के लिए प्रेरित किया। के.वी.के., संगरूर के सहायक प्रोफेसर (फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग) डॉ. सुनील कुमार ने किसानों को सी.आर.एम. मशीनरी के सही कैलिब्रेशन और संचालन के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि इन मशीनों के कुशल उपयोग के लिए कटाई के बाद खेत में पड़ी खुली पराली का एकसमान रूप से फैला होना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने धान की कटाई के समय स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एस.एम.एस.) से लैस कंबाइन हार्वेस्टर इस्तेमाल करने की सलाह दी। के.वी.के., संगरूर के सहायक प्रोफेसर (फसल विज्ञान) डॉ. रुकिंदरप्रीत सिंह ने खेत में पराली का प्रबंधन करने के बाद गेहूं की बुवाई और फसल की देखभाल संबंधी जानकारी साझा की।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

दंगल की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग देंगे: मुकेश अग्निहोत्री

24 वर्षों से लगातार दंगल में बुलाए जाने पर मुकेश अग्निहोत्री ने जताया आभार

ऊना, 13 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने वीरवार देर सांय हरोली के जखेवाल (बीटन) में आयोजित पावन दंगल में शिरकत की। दंगल कमेटी और पंचायत प्रतिनिधियों ने दंगल में शिरकत करने पर उनका पारंपरिक रीति से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने पहलवानों के मुकाबले देखे और संत बाबा अनूप महाराज का भी आशीर्वाद लिया।

अपने संबोधन में अग्निहोत्री ने कहा कि संत बाबा ढांगू वाले महाराज के इस पावन दंगल से उनका 24 वर्षों का जुड़ाव है। उन्होंने कहा, 'महाराज ने लगातार 24 वर्षों तक मुझे इस दंगल में बुलाया। यहां की धरती और बाबा जी से मुझे जो प्यार मिला है, उसे मैं कभी लौटा नहीं सकता। विधायक के रूप में 25 वर्षों तक सेवा का अवसर देने के लिए मैं हलके की जनता का आभारी हूं।' उन्होंने कहा कि संत बाबा अनूप महाराज का आशीर्वाद भी हलके की जनता को मिल रहा है। उन्होंने दंगल को उत्तर भारत का सर्वश्रेष्ठ और हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा दंगल बताते हुए कहा कि इसकी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

श्री अग्निहोत्री ने इस अवसर पर खेल मैदान के विकास के लिए 30 लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने पावन दंगल के आयोजन के लिए



11 लाख रुपये देने की घोषणा की। पंचायत घर के निर्माण के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपये देने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की गलियों और सड़कों के लिए मांगी गई 25 लाख रुपये की राशि कार्यक्रम से पहले ही जारी कर दी गई है।

उप मुख्यमंत्री ने संत बाबा ढांगू वाले महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके मानव कल्याण और समाजसेवा के कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि महाराज ने अस्पताल और गौशाला चलाकर सेवा की तथा शिक्षा के महत्व को समझते हुए बीटन में कॉलेज स्थापित किया। उन्होंने कॉलेज में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की मांग पर कहा कि संत बाबा अनूप महाराज और स्थानीय प्रतिनिधियों के निर्देशानुसार बैठकर पाठ्यक्रम तय किए जाएंगे और अगले अप्रैल से उन्हें शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महाराज द्वारा लगाया गया शिक्षा का पौधा आगे भी फलता-फूलता रहेगा।

अग्निहोत्री ने बताया कि हरोली क्षेत्र में वर्तमान में तीन कॉलेज, 33 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एक केंद्रीय विद्यालय, ट्रिपल आईटी, लॉ कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज सहित शिक्षा के अनेक संस्थान हैं। उन्होंने कहा कि बीटन कॉलेज को भी व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने पंचायत प्रधान सेवानाथ द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया और आयोजन में मिले स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

जे.जे.पी. के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला 17 नवम्बर को पंचकूला में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे : ओ.पी. सिहाग

पैग़ाम-ऐ-जगत
हरियाणा/पंचकूला (दिनकर गावड़ी)

जननायक जनता पार्टी का स्थापना दिवस जो आगामी 6 दिसंबर 2026 को महेंद्रगढ़ में मनाया जाना हैं की तैयारियों को

- **जे.जे.पी. के 9 वें स्थापना दिवस को महेंद्रगढ़ में मनाये जाने को लेकर पंचकूला के कार्यकर्ताओं में काफी जोश**



लेकर ज़िला पंचकूला के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक पंचकूला सेक्टर 21 में जजपा ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग की अध्यक्षता में हुई तथा इस बैठक में पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा मनोनीत किए गए प्रभारी सुरजीत सिंह सोण्डा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं लीगल प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अधिवक्ता जगबीर सिंह मलिक बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।दोनों प्रभारियों ने 6 दिसंबर 2026 की महेंद्रगढ़ रैली में पंचकूला से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के पहुंचने बारे बैठक में मौजूद पदाधिकारियों से आह्वान किया । इस बारे जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने बताया कि जजपा अपने 9 वें स्थापना दिवस के अवसर पर महेन्द्रगढ में 6 दिसंबर 2026 को बहुत बड़ी रैली करके इस दिन को ऐतिहासिक बनाएगी तथा लाखों कार्यकर्ताओं के बीच हर्षोल्लास से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा।

17 नवंबर को डॉक्टर अजय सिंह चौटाला होंगे पंचकूला में

जजपा ज़िला अध्यक्ष ओ पी सिहाग एवं वरिष्ठ नेत्री तथा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी डॉक्टर किरण पूनिया ने बताया कि महेंद्रगढ़ में स्थापना दिवस मनाये जाने को लेकर पंचकूला के तमाम जजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जन को न्योता देने के लिए 17 नवंबर 2026 मंगलवार को सुबह 11 बजे पंचकूला सेक्टर 12- ऐ में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे । बैठक में दोनों कार्यक्रमों की सफ़लता को लेकर काफी गम्भीर चर्चा हुई तथा पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई।

आज की बैठक में पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी डॉक्टर किरण पूनिया, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष के सी भारद्वाज, एस सी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मुकेश वाल्मीकि, ज़िला कार्यालय सचिव सुरिन्दर चड्ढा, महिला ज़िला प्रधान सुदेश कुमारी, किसान प्रकोष्ठ के ज़िला प्रधान गुरदेव सिंह , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र जैन,ज़िला प्रवक्ता सुरेश पाठक, ज़िला एस सी सेल के ज़िला प्रधान आजाद दिलेर,हल्का कालका प्रधान मयंक लांबा,हल्का पंचकूला प्रधान राजेश निषाद, हल्का पंचकूला महिला प्रधान बबीता पूनिया, युवा नेता विजय पांचाल, भीम सिंह पंवार ,रणधीर पंवार, जयपाल सिंह, महाबीर चिकारा, हीरामन वर्मा , युवा नेता सचिन सिहाग,आयुष संधू,अभिषेक वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे ।

शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित धार्मिक समागम में रक्तदान शिविर के दौरान पंथ की प्रमुख हस्तियों ने की शिरकत

पैग़ाम-ऐ-जगत
नवांशहर/रोपड़, 13 नवंबर
(जतिंदरपाल सिंह कलेर)

शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित एक भव्य धार्मिक समागम आज सिख राज विरासती चौकी आसरो,

- **जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज विशेष रूप से पहुंचे**



सतलुज नदी के निकट, रोपड़ में सरकार-ए-खालसा फेडरेशन द्वारा बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इसमें पंथ की प्रमुख हस्तियों ने शामिल होकर समागम की शोभा बढ़ाई। इस पावन अवसर पर जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज्ज विशेष रूप से शामिल हुए। उनके पहुंचने पर संगत ने जोरदार स्वागत किया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनके दर्शन करने तथा नतमस्तक होने के लिए पहुंचे।

समागम के दौरान मानवता की सेवा की भावना के तहत जिला यूथ क्लब्स तालमेल कमेटी (रजि.), रूपनगर ने पुआध स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में श्री गुरु तेग बहादुर ब्लड सेंटर की ब्लड टीम ने विशेष सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर रक्तदान किया और 'किसी की बचाओ जान, आओ करें रक्तदान' के संदेश को साकार किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जो जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में सहायक होगा। आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सरकार-ए-खालसा फेडरेशन के नेता कुलवंत सिंह सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराजा रणजीत सिंह जी का जीवन हमें सर्वजन के कल्याण, मानवता की सेवा, विनम्रता और खालसाई भावना का संदेश देता है। उनकी सोच पर चलते हुए ही यह धार्मिक समागम और रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी की बहुमूल्य जान बचाई जा सके। उन्होंने समस्त संगत, सहयोगी संगठनों-सरकार-ए-खालसा विरासत बचाओ मोर्चा कमेटी, पुआध स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन, मिशन सतलुज, भारतीय किसान यूनियन (मझैल), भारतीय किसान यूनियन (बहरामके)-और सभी सेवादारों का दिल से धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह भव्य समागम सफल हुआ। समागम में ढाडी जत्था ज्ञानी गुरविंदर सिंह बैंस, संपूर्ण इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट ढाडी, ज्ञानी प्रितपाल सिंह बैंस तथा बाबा जसवीर सिंह खालसा, श्री आनंदपुर साहिब वाले सहित पंथ की प्रमुख हस्तियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने संगत को महाराजा रणजीत सिंह जी के जीवन, उनकी बहादुरी, न्यायप्रियता और सिख राज की शान के बारे में जानकारी दी। समागम के दौरान गुरबाणी कीर्तन, ढाडी वारों और पंथक विचारों के माध्यम से संगत को महाराजा रणजीत सिंह जी की विरासत से जोड़ा गया। अंत में संगत के लिए गुरु का लंगर निरंतर वितरित किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया।

जल्लोपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का भव्य स्वागत, रतिया, फतेहाबाद और टोहाना में कमल खिलाने का किया आह्वान

/रतिया
13 नवम्बर (डवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

भाजपा हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष आदरणीय डॉ. अर्चना गुप्ता पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा के जल्लोपुर स्थित निवास पर पहुंचीं। इस अवसर पर लक्ष्मण नापा ने अपने परिवारजनों एवं उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेशाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इसदौरान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, आपसी एकजुटता और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने रतिया, फतेहाबाद और टोहाना तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा का कमल खिलाने के लक्ष्य के साथ पूरी ऊर्जा और समर्पण से जुटने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार का जवाब भाजपा कार्यकर्ता तथ्यों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों के माध्यम से दें।

- **पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा के निवास पर पहुंचीं प्रदेशाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और जनसंपर्क का दिया मंत्र**



कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं और जनता के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें। पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और संगठन को मजबूत बनाने का विजन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे और कार्यकर्ताओं की एकजुटता, संगठन की मजबूती और जनसेवा का संकल्प ही भाजपा की असली ताकत है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, प्रदेश महामंत्री वेद फुलां, क्षेत्र के सरपंच साहेबान, चेयरमैनगण, भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस डीएवी स्कूल ने आयोजित की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
13 नवंबर (आर. सिंह)

आज अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में बाल दिवस मनाने के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। जहां कुछ बच्चों ने फूलों, तितलियों, परियों और चंद्रमा के रूप में अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं कुछ ने वन्यजीव बचाओ, पेड़ बचाओ, धरती बचाओ और पानी बचाओ जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया। कुछ बच्चों ने कूड़ेदान के उपयोग, हेलमेट पहनने, मोबाइल फोन के खतरों तथा स्वस्थ



भोजन और जंक फूड जैसे विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने सुंदर प्रॉप्स भी तैयार किए। कुछ बच्चे भारत की महान हस्तियों, कुछ स्वतंत्रता सेनानियों और यहां तक कि झांसी की रानी की वेशभूषा में आए थे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और विभिन्न गीतों पर नृत्य करते हुए इस अवसर का भरपूर आनंद लिया।

स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में प्रत्येक प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा हमेशा हंसते-मुस्कुराते रहने के लिए प्रेरित किया।

आईटीईपी की तैयारियों के बीच गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चंडीगढ़ में गोवा के शिक्षण संस्थान का शैक्षणिक आदान-प्रदान दौरा

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
13 नवंबर, (हरमिंदर सिंह नागपाल)

शैक्षणिक विस्तार एवं संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़ में 13 नवंबर, 2026 को एचपीएसएम के गणपत पारसेकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरमल, गोवा के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। यह दौरा शैक्षणिक आदान-प्रदान एवं विद्यार्थी अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संवाद को बढ़ावा देना, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को साझा करना तथा संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करना था।

यह दौरा विशेष महत्व रखता है, क्योंकि महाविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) प्रारंभ करने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) से मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इस शैक्षणिक संवाद के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप शिक्षक शिक्षा के उभरते रुझानों, संस्थागत कार्यप्रणालियों तथा एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।



गोवा से आए प्रतिनिधिमंडल में बी.ए. बी.एड. (आईटीईपी) के 42 विद्यार्थी, 7 संकाय सदस्य तथा 3 अन्य सहयोगी सदस्य शामिल थे। इस प्रकार कुल 52 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भूगोल विषय के सहायक आचार्य डॉ. सचिन सी. गांवकर ने किया। उनके साथ सुश्री निकिता शिरोडकर, सुश्री युवरात्नी नाइक, सुश्री हेमल पी. चौगुले, सुश्री सुप्रवी देसाई, सुश्री विनेशा दबोलकर तथा सुश्री प्राजक्ता राणे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिनिधिमंडल के आत्मीय स्वागत एवं महाविद्यालय गान के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सपना नंदा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत, उपलब्धियों, आधारभूत संरचना तथा शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईटीईपी प्रारंभ करने की दिशा में महाविद्यालय की भावी योजनाओं को साझा करते हुए सक्षम, कुशल एवं भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार शिक्षकों के निर्माण में शैक्षणिक आदान-प्रदान और सहयोगात्मक अधिगम के महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें दोनों संस्थानों के प्राध्यापकों एवं छात्र-अध्यापकों ने शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं, समकालीन शैक्षणिक दृष्टिकोणों तथा भावी शिक्षकों के व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित विचारों, अनुभवों एवं सुझावों का आदान-प्रदान किया। इस सत्र ने पारस्परिक अधिगम और संस्थागत सहयोग को नई दिशा प्रदान की।

इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल को महाविद्यालय का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान अतिथियों ने पुस्तकालय, सभागार, विज्ञान एवं इतिहास प्रयोगशालाओं, शैक्षिक तकनीकी प्रयोगशाला, कंप्यूटर प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, संकाय कक्षों, कक्षाओं, छात्रावास तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण एवं उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की।

इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, डीन; डॉ. लीलू राम, स्टाफ सचिव; डॉ. वंदना अग्रवाल, सीसीए प्रभारी तथा डॉ. रविंदर पातिल्यान, सदस्य द्वारा किया गया। इसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-अध्यापकों का सक्रिय सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान तथा अतिथियों के लिए जलपान के साथ हुआ।

यह शैक्षणिक आदान-प्रदान दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक संबंधों को सुदृढ़ करने तथा नवाचारी शैक्षणिक पद्धतियों के आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। साथ ही, यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की परिकल्पना के अनुरूप आईटीईपी के सफल क्रियान्वयन की दिशा में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चंडीगढ़ की शैक्षणिक प्रतिबद्धता एवं प्रयासों को भी दर्शाता है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा फिर से सरकार बनाने जा रही है : ऊर्जा मंत्री अनिल विज

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 13 नवंबर (आर. सिंह)

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर भीम आर्मी और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के बीच गठबंधन की चर्चाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार बनाने जा रही है। कोई भी बैठकें या राजनीतिक गठजोड़ करता रहे, इससे भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में एक बार फिर सरकार बनाने जा रही है और लोगों ने भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री को बहस की चुनौती दिए जाने के बारे में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोकसभा निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए बहस करने का मंच है। ये लोग या तो वहां हंगामा करते हैं या फिर सदन से वॉकआउट कर जाते हैं। उन्हें वहां अपने विचार व्यक्त करने से कौन रोकता है?

- **भारतीय जनता पार्टी पंजाब में पूरी तरह तैयार है और चुनाव जीतेगी**



आम आदमी पार्टी द्वारा पंजाब चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी किए जाने के बारे में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह उनका आंतरिक मामला है और इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी पंजाब में पूरी तरह तैयार है और राज्य में चुनाव जीतेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पंजाब दौरे को लेकर दिग्विजय चौटाला के बयान का जवाब देते हुए अनिल विज ने कहा कि जनता ने दिग्विजय चौटाला और उनकी पार्टी को खारिज कर दिया है और वे पूरे हरियाणा में हार गए हैं। उन्होंने कहा कि अब उन्हें इस तरह के सुझाव देने का कोई अधिकार नहीं है और यह भाजपा का आंतरिक मामला है। भाजपा ने मुख्यमंत्री का चयन सोच-समझकर किया है।

'मेरा घर मेरे नाम' अभियान के तहत गांव कैलो में 300 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित

साहिबजादा अजीत सिंह नगर,
13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

'मेरा घर मेरे नाम' अभियान के तहत पंजाब सरकार द्वारा लाल लकीर के दायरे में रहने वाले लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए गांव-गांव जाकर प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गांव कैलो में 300 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए। यह जानकारी मोहाली नगर निगम के मेयर सरबजीत सिंह समाना ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी।

इस अवसर पर मेयर सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत सरकार का उद्देश्य पंजाब के निवासियों को उनकी संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक दिलाना है, ताकि वे अपनी संपत्ति के वास्तविक मालिक बन सकें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के प्रॉपर्टी कार्ड तैयार हो चुके हैं, उन्हें गांवों में जाकर वितरित किया



जा रहा है, जबकि बाकी कार्ड तैयार होने के बाद जल्द ही संबंधित मालिकों को सौंप दिए जाएंगे। यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

इस अवसर पर मोहाली की एस.डी.एम. श्रीमती दमनदीप कौर और गांव के सरपंच श्री तरलोचन सिंह तोची सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

एक सवाल के जवाब में मेयर ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा लोगों से किए गए वादों और गारंटियों को मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पूरा करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब के हर वर्ग की लंबे समय से लंबित मांगों का समाधान करने के साथ-साथ राज्य के विकास कार्यों को भी गति दी जा रही है।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पंजाब के वरिष्ठ नागरिक अपनी आस्था के अनुसार विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं में भारी उत्साह को देखते हुए पंजाब सरकार द्वारा बसों के अतिरिक्त प्रबंध भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को परिवहन और रहने-सहने संबंधी किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विधायक सरदार कुलवंत सिंह द्वारा प्रतिदिन विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करके प्रबंधों की समीक्षा की जाती है और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। इस अवसर पर गुरजीत सिंह पंच, बलजीत सिंह पंच, जरनैल सिंह पंच, महिंदर कौर पंच, संतोख सिंह पूर्व पंच, जगतार सिंह, गगनदीप सिंह सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 22 नवंबर और 6 दिसंबर को लगेंगे विशेष शिविर

साहिबजादा अजीत सिंह नगर
13 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर)-2027 के तहत पात्र मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूचियों में आवश्यक संशोधन के लिए 22 नवंबर 2026 और 6 दिसंबर 2026 को विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री आदित्य डच्चलवाल ने बताया कि ये शिविर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाए जाएंगे। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को आवश्यक चुनाव संबंधी सेवाएं प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों के दौरान पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकेंगे, पहले से दर्ज विवरण में संशोधन करवा सकेंगे और अन्य चुनाव संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज होना सुनिश्चित करें।

- **पात्र मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर होगी व्यवस्था**

इससे पहले, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता के रूप में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया 12 नवंबर से शुरू हो चुकी है और यह 11 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगी। उन्होंने विशेष रूप से पहली बार मतदाता बनने के योग्य युवाओं और उन नागरिकों से, जो 1 जनवरी 2027 को अर्हता तिथि के अनुसार 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लेंगे, आगे आकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकती हैं। प्राप्त दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए फॉर्म नंबर-6 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपने नाम और अन्य विवरणों की शुद्धता जांचने के साथ-साथ किसी भी प्रकार की छूटी हुई जानकारी या दोहराई गई प्रविष्टि की जांच करने की भी अपील की। बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (जनरल) श्रीमती गीतिका सिंह, एसडीएम खरड़ श्री गुरमीत सिंह, एसडीएम डेराबस्सी श्री अमित गुप्ता, तहसीलदार जिला चुनाव कार्यालय हरप्रीत कौर के अलावा सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (एआरओ) भी उपस्थित थे।